SINDHI HIGH SCHOOL,BENGALURU.
ANNUAL EXAMINATION( 2022-23)
SUBJECT:- ADDITIONAL LANGUAGE-HINDI

**CLASS:- 4** | **MAX.MARKS:- 80**
**DATE:- 28-3-2023** | **READING TIME:- 8:00 TO 8:15AM**
**NO. OF PRINTED SIDES :- 8** | **WRITING TIME:- 8:15 TO 10:45AM**

---

निर्देश :-
* इस प्रश्न पात्र में चार खंड हैं - क , ख , ग और घ
* सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार लिखिए।
* सभी खंडों के सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
* शब्द सीमा में लिखिए।

## खंड क

**I.दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए :-** 5

एक बार एक किसान का बैल गहरे गड्ढे में गिर गया। वह जोर-जोर से चिल्लाने लगा। किसान उसे निकालने के उपाय सोचने लगा। अंत में उसने फैसला किया कि बैल बहुत बूढ़ा है, इसलिए उसे गड्ढे में ही दफना दिया जाना चाहिए। किसान ने अपने पड़ोसी को मदद के लिए बुलाया। दोनों ने मिलकर गड्ढे में मिट्टी डालना शुरू कर दिया। बैल ने सब कुछ समझा । किसान ने नीचे देखा तो हैरान रह गया। बूढ़ा बैल अपनी पीठ पर गिरी मिट्टी को हिलाकर नीचे गिरा देता था और उस मिट्टी पर चढ़ जाता था। शीघ्र ही वह गड्ढे के किनारे पर पहुँच गया और फिर अपने साहस और सूझबूझ के बल पर बाहर निकल सका।

(1) किसान का बैल कहाँ गिर गया ?

(क) गड्ढे में (ख) सड़क पर
(ग) नाले में (घ) तालाब में

(2) बैल का चिल्लाना सुन कर किसान ने क्या निर्णय लिया?

(क) मारना (ख) हाँकना
(ग) बचाना (घ) सुलाना

(3) किसान के पड़ोसियों ने उसकी मदद किस प्रकार की?

(क) गड्ढे में मिट्टी डाला। (ख) गड्ढे से मिट्टी निकाला।
(ग) गड्ढे में पानी डाला। (घ) गड्ढे को बंद किया।

(4) बूढ़ा बैल पीठ पर गिरी मिट्टी का क्या करता था ?

(क) खाता था
(ख) गिराता था
(ग) फेंकता था
(घ) डालता था

(5) बूढा बैल किसके बल से बाहर निकल सका ?

(क) चालाकी से
(ख) कपट से
(ग) साहस से
(घ) साहस और सूझबूझ से

II.दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए :- 5

एक बहुत गरीब मछुआरा था। उसने बहुत मेहनत की लेकिन उसके पास अपनी पत्नी और बच्चों के लिए भोजन और कपड़े के लिए कम पैसे थे। वह एक अच्छा इंसान था। जिसने कभी अपने ग्राहकों को धोखा नहीं दिया था । एक दिन दोपहर को वह समुद्र के किनारे गया और समुद्र में अपना जाल डाला और उस जाल में कुछ मछलियों के फँसने की प्रतीक्षा करने लगा। कुछ देर बाद मछुआरे ने जाल में कुछ फँसने का अनुमान लगाया । फिर उसने रस्सियों को एक साथ इकट्ठा किया लेकिन उन्हें बहुत भारी पाया। उसने उसे ज़मीन पर खींचने की बहुत कोशिश की, लेकिन वह खींच नहीं सका। तब वह पानी में गया और उस भारी चीज़ को ऊपर ले आया। उसने जाल खोला और उसे एक तांबे का घड़ा मिला, जिसका मुँह पीछे के सिरे वाली टोपी का बना हुआ था। उसने खोला तो उसे घड़े में सोने के सिक्के मिले। वह अमीर तो हुआ लेकिन स्वार्थी नहीं। उसने अपने गाँव में एक मंदिर बनवाया और कुछ सोने के सिक्के मंदिर के खजाने में दान कर दिया ।

1.मछुआरा कैसा व्यक्ति था ?

(क) गरीब और मेहनती
(ख) गरीब और आलसी
(ग) मेहनती और धोखेबाज
(घ) आलसी और धोखेबाज

2. मछुआरे के परिवार में कौन - कौन थे ?

(क) पत्नी
(ख) बच्चे
(ग) पत्नी और बच्चे
(घ) कोई नहीं

3. मछुआरा एक दिन कहाँ गया ?

(क) समुद्र के किनारे
(ख) नदी के किनारे
(ग) तालाब के किनारे
(घ) सड़क के किनारे

4. मछुआरे को जाल में क्या मिला ?

(क) मिट्टी का घड़ा (ख) तांबे का घड़ा

(ग) पीतल का घड़ा (घ) सोने का घड़ा

5. मछुआरे ने गाँव में क्या बनवाया ?

(क) पुलिस स्टेशन (ख) पाठशाला

(ग) अस्पताल (घ) मंदिर

## खंड ख

III. पर्यायवाची शब्द लिखिए :- 2

(1) फूल (2) पक्षी (3) डाल (4) प्रसन्न

IV. विलोम शब्द लिखिए :- 2

(1) सुबह (2) बच्चे (3) धूप (4) खरीदना

V. मुहावरों के अर्थ लिखिए :- 2

(1) दिल खोलकर (2) चट कर जाना

(3) हाथ मलना (4) मुँह लटकाना

VI. द्वित्व व्यंजन वाले दो - दो शब्द लिखिए :- 2

(1) टट (2) क्क

VII. वचन बदलकर लिखिए :- 2

(1) घंटा (2) बच्चा (3) सब्ज़ी (4) मिठाई

VIII. खाली स्थानों में सही क्रिया शब्द चुनकर लिखिए :- 2

(1) उन्होंने दुनिया में भारत का नाम ऊँचा ________ ( किया / कीजिए )

(2) हमने इस समस्या से छुटकारा पा ________ ( दिया / लिया )

(3) चलो , आज कहीं घूमने ________ ( चलें / आएँ )

(4) जो खेल पसंद हो , वही ________ ( खेलो / चलो )

IX. लिंग बदलकर लिखिए :- 2

(1) राजा (2) नर कोयल (3) पुत्र (4) आदमी

X. वाक्य बनाइए :- 2

(1) हरे - भरे ( 2 ) इधर - उधर

XI. भिन्नार्थक शब्द लिखिए :- 2

(1) आम (2) हर

## खंड ग

XII. दिए गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए :- 10

1. बसंत ऋतु में खेतों में किसके पीले फूल खिलते हैं ?

(a) मटर के (b) सरसों के (c) चने के

2. जामुन की दो गुठलियाँ किसने बोई थीं ?

(a) किसान के बेटे ने (b) चारों बच्चों ने (c) उनके माता - पिता ने

3. कंजूस मिठाई के बदले क्या ले गया ?

(a) मिठाई की जड़ (b) नमकीन (c) खिलौना

4. इनमें से कौन - सा भोजन सेहत के लिए ठीक नहीं है ?

(a) फल और सब्ज़ी (b) दूध , दही , घी (c) चाऊमीन , पिज़्ज़ा

5. प्रोटीन और विटामिन इनमें से किसमें नहीं होते ?

(a) फ़ास्ट -फ़ूड में (b) दाल और सब्ज़ी में (c) दूध और फल में

6. बच्चे किस मौसम में सड़क पर जा रहे थे ?

(a) सरदी (b) गरमी (c) बरसात

7. बच्चे किस पेड़ की छाया में सुस्ताने लगे ?

(a) आम (b) बरगद (c) जामुन

8. बसंत ऋतु खत्म होने पर कोयल कहाँ चली जाती है ?

(a) नदी की ओर (b) जंगलों की ओर (c) पहाड़ों की ओर

9. कोयल के अंडे किस रंग के होते हैं ?

(a) पीले (b) सफ़ेद (c) नीले

10. बच्चे लंच करने कहाँ बैठे थे ?

(a) भोजन - कक्ष में (b) घर में (c) पार्क में

XIII. प्रश्नों के उत्तर लिखिए :- 10

1. बसंत आने पर चारों ओर कैसा दृश्य दिखाई देता है ?
2. पेड़ ने बच्चों से कैसा वादा करवाया ?
3. कंजूस मित्र के घर पैदल ही क्यों चला गया ?
4. सोनू ने फ़ास्ट -फ़ूड न खाने का निर्णय क्यों लिया ?
5. चारों बच्चों के नाम क्या थे ? वे कहाँ जा रहे थे ?

XIV. दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए :- 5

हिमालय की गोद में नदी का घर था। उसके जल में अधिकतर बूँदें बहुत नटखट थीं। उन्हें एक जगह से दूसरी जगह घूमना अच्छा लगता था। घर में मन नहीं लगने पर यह बूँदें नदी की तेज धारा में तैरने चली जाती थीं। पर एक बूँद पानी की तलहटी में डरी सहमी बैठी रहती थी। सभी बूँदें उसे शर्मीली नाम से बुलाया करती थी।

एक दिन "टप" की आवाज करते हुए एक नई बूँद शर्मीली के पास आ धमकी। बोली , "मुझे घूमना -फिरना , नए दोस्त बनाना बहुत अच्छा लगता है। तुम मुझे घुमक्कड़ दीदी कह सकती हो। मैं घूमने जा रही हूँ। सोचा , दो बातें तुमसे भी करती चलूँ।"

शर्मीली को घुमक्कड़ की बातें अच्छी लगीं। शर्मीली ने अभी तक घर के बाहर कदम नहीं रखा था। वह भी दुनिया के बारे में जानना चाहती थी। उसका मन देखकर घुमक्कड़ ने कहा , "बादल बाबा कहते हैं कि सब को आगे बढ़ने का प्रयास खुद करना चाहिए। यदि दुनिया की सैर करना चाहती हो , तो मेरे साथ चलो।"

1.नदी का घर कहाँ था ?

(a) हिमालय में (b) गंगा में (c) कावेरी में

2.एक बूँद कहाँ बैठी थी ?

(a) मैदान में (b) घर में (c) तलहटी में

3.उस बूँद का क्या नाम था ?

(a) भावना (b) शर्मीली (c) कल्पना

4. शर्मीली को किसकी बातें अच्छी लगीं ?

(a) शर्मीली की (b) घुमक्कड़ की (c) सागर की

5. "आगे बढ़ने का प्रयास खुद करना चाहिए। " यह वाक्य किसने कहा ?

(a) शर्मीली ने (b) घुमक्कड़ ने (c) बादल बाबा ने

XV.दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए :- 5

दीपा करमाकर ओलंपिक्स में भाग लेनेवाली भारत की पहली महिला जिम्नास्ट बन गई हैं। वह त्रिपुरा राज्य की निवासी हैं। दीपा का कहना है कि वह प्रतिदिन सात घंटे जिम्नास्टिक का अभ्यास करती हैं। जिम्नास्टिक के अलावा उनकी किसी अन्य चीज़ या खेल में भी रुचि नहीं है। वह जो सोचती हैं , उसे जरूर पूरा करती हैं। उन्होंने दुनिया भर में भारत का नाम ऊँचा किया ,उसके लिए अपने कोच विश्वेश्वर नंदी की हर बात सुनी और हमेशा उनका कहा माना। अच्छे जिम्नास्ट को जो खाना खाने की सलाह दी जाती है , वह वही खाती हैं । चावल ,रोटी, चिकन ,मीट ,अंडे ,सब्जियाँ , सूखे मेवे ,फल और दूध। वैसे दीपा को चाइनीज़ फूड बहुत पसंद है। एक अच्छे जिम्नास्ट को कुछ चीज़ें मना होती हैं। अतः वे चीज़ें नहीं खातीं। जैसे - चॉकलेट ,पेस्ट्री , घी - तेल , मिठाइयाँ आदि।

1.दीपा कितने घंटे तक अभ्यास करती थी ?

(a) चार घंटे (b) पाँच घंटे (c) सात घंटे

2. दीपा की रूचि किस खेल में थी ?

(a) खो – खो (b) क्रिकेट (c) जिम्नास्टिक

3. दीपा के कोच कौन हैं ?

(a) विश्वेश्वर नंदी (b) राहुल द्राविड़ (c) अनिल कुंबले

4. दीपा को किस तरह का खाना पसंद था ?

(a) इडली सांबर (b) चाइनीज़ फूड (c) डोसा

5. दीपा करमाकर किस राज्य की निवासी हैं ?

(a) मणिपुर (b) त्रिपुरा (c) मेघालय

XVI. दिए गए पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए :- 5

चिड़िया, कभी पंख में भरकर,
थोड़ी हवा गाँव की लाना ।
चिड़िया, कभी चोंच में भरकर,
थोड़ा जल पोखर का लाना ।
पंजों में अटकाकर अपने
थोड़ी - सी मिट्टी भी लाना ।
खेतों की थोड़ी हरियाली
अपनी आँखों में भर लाना ।
बोली में भर उनकी बोली,
खट्टी - मीठी तुम ले आना ।

--- ( डॉ. दिविक रमेश )

1. कवि ने चिड़िया से पंखों में क्या भरकर लाने के लिए कहा ?

(a) गाँव की हवा (b) गाँव का पानी (c) गाँव की मिट्टी

2. चिड़िया को पोखर का जल किसमें लाना था ?

(a) पंजों में (b) पंखों में (c) चोंच में

3. चिड़िया को मिट्टी किसमें अटकाकर लाना था ?

(a) पंजों में (b) पंखों में (c) आँखों में

4. चिड़िया को अपनी आँखों में क्या भरकर लाना था ?

(a) खेतों की थोड़ी - सी मिट्टी (b) खेतों के फ़सल

(c) खेतों की थोड़ी - सी हरियाली

5. इस कविता के कवि कौन हैं ?

(a) रामधारी सिंह "दिनकर" (b) डॉ. दिविक रमेश (c) हरिवंश राय बच्चन

## खंड घ

XVII. दिए गए विषयों में से किसी एक विषय पर 40 – 50 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए :- 5

समय का महत्त्व या पालतू जानवर

XVIII. अपने मित्र को जन्मदिन का निमंत्रण देते हुए पत्र लिखिए। 5

या

परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर अपने मित्र को बधाई पत्र लिखिए।

XIX. नीचे दिए गए चित्र को देखकर उसके बारे में 5 – 6 वाक्य लिखिए :- 5

